
**समारोह** कुलाधिपति की अध्यक्षता में आयोजित होगा समारोह

# पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह कल





**नवभारत, शहडोल ।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय केवल अकादमिक उत्कृष्टता का केंद्र ही नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा के व्यावहारिक क्रियान्वयन का सशक्त उदाहरण बनकर उभर रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यहाँ भारतीय ज्ञान-परंपरा को केवल सैद्धांतिक विमर्श तक सीमित न रखते हुए उसे शैक्षणिक एवं प्रशासनिक परिवेश में व्यवहारिक रूप से आत्मसात किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएँ तथा समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ दैनिक जीवन में भारतीय चिंतन की मूल जीवन-दृष्टिकृसंयम, अनुशासन, आत्मचिंतन और समरसताकृको अपनाते हुए आत्मविकास की दिशा में अग्रसर हैं। सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से विद्यार्थियों और कर्मचारियों की मानसिक एवं बौद्धिक क्षमताओं के संवर्धन हेतु नियमित रूप से मेडिटेशन, बीज मंत्र साधना एवं हार्ट हीलिंग जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के सकारात्मक परिणाम स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहे हैंकृप्रतिभागियों में मानसिक संतुलन, आंतरिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और एकाग्रता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है ।पर्यावरणीय चेतना के क्षेत्र में भी विश्वविद्यालय सतत सक्रिय है। नियमित वृक्षारोपण अभियान के माध्यम से छात्र-छात्राओं में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, संरक्षण और उत्तरदायित्व की भावना विकसित की जा रही है। विश्वविद्यालय परिसर हरित चेतना का जीवंत उदाहरण बनता जा रहा है।

इसी कड़ी में विश्वविद्यालय का पंचम दीक्षांत समारोह आगामी 25 फरवरी 2026 को विश्वविद्यालय परिसर, नवापुर, शहडोल में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। समारोह में भारतीय सांस्कृतिक परंपरा का अनुपालन विशेष आकर्षण रहेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रगीत का गायन विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा, जो समारोह की गरिमा और सांस्कृतिक वैभव को और अधिक समृद्ध करेगा ।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11:30 बजे माननीय कुलाधिपति के विश्वविद्यालय आगमन एवं पंडित शंभूनाथ शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण से होगा। इसके पश्चात कार्यपरिषद की औपचारिक बैठक आयोजित की जाएगी। 11:41 बजे दीक्षांत शोभायात्रा अतिथि भवन से प्रस्थान कर समारोह स्थल पहुँचेगी ।राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान, दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ समारोह की विधिवत शुरुआत होगी। कुलगुरु द्वारा स्वागत उद्बोधन एवं विश्वविद्यालय की प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके उपरांत संकायाध्यक्षों द्वारा उपाधि हेतु अर्ह विद्यार्थियों को प्रस्तुत किया जाएगा तथा दीक्षांत शपथ दिलाई जाएगी। समारोह में पंडित शंभूनाथ शुक्ल स्वर्ण पदक एवं विभिन्न संकायों की उपाधियाँ वितरित की जाएंगी। दीक्षांत अतिथि द्वारा प्रेरणादायी उद्बोधन दिया जाएगा। साथ ही विशिष्ट अतिथियों के संबोधन एवं माननीय कुलाधिपति के अध्यक्षीय उद्बोधन का भी कार्यक्रम निर्धारित है।

समारोह के दौरान विश्वविद्यालय की स्मारिका का विमोचन किया जाएगा तथा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। अंत में आभार प्रदर्शन एवं राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का समापन होगा तथा दीक्षांत शोभायात्रा की वापसी होगी ।विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सुरक्षा, बैठक व्यवस्था एवं विद्यार्थियों की सुविधा हेतु विशेष प्रबंध किए गए हैं। दीक्षांत समारोह को ऐतिहासिक एवं गरिमामय बनाने के लिए सभी तैयारियाँ पूर्ण हैं।



# लेट्राइड का अवैध रूप से भंडारण और परिवहन का आरोप

▸ जिम्मेदार अधिकारियों से कार्यवाही की मांग

**नवभारत, ब्योहारी।** रेलवे स्टेशन ब्योहारी के पास निजी भूमि मे बिना किसी मंजूरी के भूरे रंग के मिट्टी का भंडारण किया जा रहा है। उक्त स्थान मे भंडारण किये जाने संबंधी किसी प्रकार का कोई सूचना बोर्ड नहीं लगा है। सूत्रों द्वारा उक्त मिट्टी को मालवाहक ट्रेन से रेनूकोट से आने और रेलवे स्टेशन मे खाली होने की बात बतायी जा रही है। उनका कहना है कि अल्ट्राट्रेक कम्पनी बघवार रेलवे की पैनाल्टी से बचने के लिये वहाँ से उसे उठावा कर बिना किसी मंजूरी के अवैधानिक रूप से लेट्राइड का भंडारण निजी भूमि पर करा कर परिवहन कराया जा रहा है। वंही खनिज विभाग उसे लेट्राइड की जगह कुछ और ही बता रही है जिसे खनिज विभाग से भंडारण एवं परिवहन मे छूट होने की बात कही जा रही है हकीकत क्या है ये वही जाने किन्तु जानकारों द्वारा खनिज विभाग से मिली भगत कर बिना किसी मंजूरी के भंडारण करना और अवैध रूप से परिवहन किये जाने की बात कही जा रही है। उनका कहना है कि चाहे कोई भी मिट्टी हो यदि उसका ब्यवसायिक उपयोग हो रहा है तो उसके भंडारण के लिये खनिज विभाग से मंजूरी लेना अवश्यक है बिना किसी मंजूरी के उसका भंडारण नहीं कर सकते है हकीकत का खुलासा उच्चस्तरीय जांच से ही हो सकता है।

**इनका कहना है**

मैं एक बार जा कर देखा हूँ। वह लेट्राइड नहीं है वह कुछ और ही मटेरियल है। वह खनिज में नहीं आता है।

**राहुल साण्डिल्य**
**खनिज अधिकारी**
**शहडोल**

# संयुक्त सचिव ने पीएमश्री हाईस्कूल कोटमा का किया निरीक्षण



**नवभारत, शहडोल।** भारत सरकार के संयुक्त सचिव दीपक मिश्रा ने जनपद पंचायत सोहागपुर अंतर्गत शासकीय पीएमश्री हाई स्कूल कोटमा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों, विद्यार्थियों की संख्या तथा संचालित शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों से कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित करें और शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं का पूरा लाभ विद्यार्थियों तक पहुंचाएं, ताकि उनमें पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़े।

विद्यालय के प्राचार्य संजय पांडे ने संयुक्त सचिव को जानकारी देते हुए बताया कि शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत विद्यार्थियों को गणवेश, मध्यान्ह भोजन, साइकिल और छात्रवृत्ति का वितरण किया जा रहा है। इसके अलावा पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया है तथा कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएं भी संचालित की जा रही हैं ।उन्होंने यह भी बताया कि जनसहभागिता से विद्यालय में एक हाल का निर्माण कराया गया है और परिसर में सुंदर उद्यान भी विकसित किया गया है। संयुक्त सचिव ने विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं, प्राचार्य कक्ष, खेल मैदान तथा बगीचे का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की सराहना की ।इस अवसर पर सहायक संचालक लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल शुभम वर्मा, उप संचालक कृषि अनुराग पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी आर. के. मांगनालनी, एपीसी अरविंद पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# संयुक्त सचिव भारत सरकार ने पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय किया निरीक्षण

▸ विद्यालय में प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियो के लिए बनाए जादुई पिटारे की गतिविधियों का किया अवलोकन




**नवभारत, शहडोल ।** भारत सरकार के संयुक्त सचिव दीपक मिश्रा एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय शहडोल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों उपलब्ध स्टाफ तथा बच्चों की संख्या के संबंध में जानकारी प्राप्त की। प्राचार्य प्रीति मिश्रा ने बताया कि विद्यालय में स्वीकृत पद के अनुसार शिक्षक पदस्थ हैं, विद्यालय में कक्षाओं का संचालन स्मार्ट क्लास के माध्यम से किया जाता है। विद्यार्थियों की शिक्षा के प्रति अभिरुचि बढ़ाने हेतु शिक्षकों द्वारा नवाचार किए जाते हैं हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में विद्यार्थियों के लिए शिक्षा उपलब्ध है। छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों की शिक्षा के प्रति अभिरुचि बढ़ाने के लिए जादुई पिटारा के माध्यम से विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किया जाता है।

संयुक्त सचिव श्री मिश्रा ने विद्यालय को मिलने वाले बजट तथा उसके उपयोग के संबंध में भी प्राचार्य से जानकारी प्राप्त की। प्राचार्य द्वारा बताया गया कि शत प्रतिशत बजट का उपयोग विद्यालय में कर लिया जाता है। विद्यालय में संचालित वार्षिक कैलेंडर सांस्कृतिक खेल-कूद गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की गई। कलेक्टर डॉ.केदार सिंह ने बताया कि विद्यालय में शैक्षणिक माहौल बहुत अच्छा है, गुणवत्ता युक्त शिक्षा दिए जाने से विद्यार्थियों में अनुशासन के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी सफलता अर्जित की जा रही है। सभी शिक्षक ईमानदारी के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं।

शाला परिसर पहुंचने पर श्री मिश्रा का परंपरागत रूप से फूल का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया तत्पश्चात उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा प्रतीक स्वरूप पौधारोपण भी किया ।संयुक्त सचिव श्री मिश्रा ने स्कूल परिसर का भ्रमण कर साफसफाई, शैक्षणिक कक्षाओं, प्रायोगिक लैब का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रीति मिश्रा ने विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण उमेश कुमार धुर्वे,सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग आनंद राय सिंहा, जिला शिक्षा अधिकारी आर. के. मंगलानी, डीपीसी अमरनाथ सिंह तथा केन्द्रीय विद्यालय के उप प्राचार्य शकील अहमद सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं विद्यालय का शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे।

# कलेक्टर के निर्देश पर कर्मचारियों को एरियर्स की प्रथम किशत का किया भुगतान




**नवभारत, शहडोल ।**कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देश पर नगर पालिका परिषद शहडोल के कर्मचारियों को लंबित एरियर (बकाया वेतन अंतर) की प्रथम किस्त का भुगतान कर दिया गया है। यह कार्यवाही मुख्य नगरपालिका अधिकारी शहडोल आशा भंडारी की विशेष पहल एवं सतत प्रयासों से संपन्न हुई ।कलेक्टर के स्पष्ट निर्देशों के पश्चात बकाया एरियर राशि कर्मचारियों के बैंक खातों में जमा करा दी गई है। भुगतान की सूचना मिलते ही नगर पालिका कार्यालय परिसर में प्रसन्नता का वातावरण देखा गया। कर्मचारियों ने जिला प्रशासन एवं नगर पालिका अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस निर्णय को सकारात्मक एवं संवेदनशील पहल बताया ।मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशा भंडारी ने कहा कि कर्मचारियों के हित सर्वोपरि हैं। शासन के निर्देशानुसार लंबित देयकों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि समय पर वेतन एवं अन्य देय राशि उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है, जिससे कर्मचारी पूर्ण मनोयोग एवं उत्साह के साथ नगर हित में अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें।

ज्ञात हो कि विगत दिनों नगर पालिका परिषद शहडोल में 30 वर्षों से भी ज्यादा समय से काम कर रहे सफाई मित्रों नेसमय पर वेतन न मिलने और ना ही एरियस का भुगतान किये जाने को लेकर कामबंद कर हड़ताल की थी। सफाई कर्मचारियों ने आरोप लगाया था कि नगर पालिका परिषद शहडोल में जिन कार्यों में भ्रष्टाचार करने का अवसर प्राप्त होता है उनका बजट नगर पालिका परिषद के पास होता है पर गरीब सफाई मजदूर का वेतन भुगतान एरियस भुगतान करने का फंड इनके पास नहीं होता। जिसके बाद स्थानीय विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष एवं कलेक्टर शहडोल ने शीघ्र ही समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया था।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी लव केवट गिरफ्तार

**नवभारत, शहडोल।** अमलाई थाना पुलिस ने महिला संबंधी अपराध में त्वरित कार्रवाई करते हुए शादी का झूठा वादा कर युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 जनवरी 2026 को पीड़िता अपनी माता के साथ थाना अमलाई पहुंची और लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि लगभग पांच-छह माह पहले उसकी मुलाकात आरोपी लव केवट से हुई थी। आरोपी ने उससे नजदीकी बढ़ाई और शादी का झांसा देकर 20 अगस्त 2025 को पहली बार शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद आरोपी लगातार शादी का भरोसा देकर पीड़िता का शोषण करता रहा, जिससे वह गर्भवती हो गई। जब पीड़िता करीब चार माह की गर्भवती हुई तो आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया और उससे संपर्क भी बंद कर दिया। शिकायत के आधार पर अमलाई थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान 23 फरवरी 2026 को पुलिस ने आरोपी लव केवट (19 वर्ष) निवासी वार्ड क्रमांक 01 हाथीडोल, सरईकांपा थाना बुढ़ार जिला शहडोल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अमलाई निरीक्षक भूपेन्द्र मणि पाण्डेय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक श्याम सिंह सार्टे, प्रधान आरक्षक गणेश पाण्डेय, आरक्षक तीरथ सिंह, दयाशंकर तथा महिला आरक्षक अमीना मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**आरोप** परिजनों ने पुलिस पर लगाये लापरवाही के आरोप

# गोदावल मेला से लापता नाबालिग का अब तक सुराग नहीं



**नभारत, शहडोल।**जनपद ब्योहारी क्षेत्र के गोदावल मेला से लापता हुई एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की का अभी तक कोई पता नहीं चल सका है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस मामले में गंभीरता नहीं दिखा रही है। बच्ची के गायब होने से परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार ग्राम छतैनी निवासी फरियादी रामजस बसोंर ने बताया कि उनके परिवार में तीन बेटियां और दो बेटे हैं। तीनों बड़े बच्चों की शादी हो चुकी है। सबसे छोटी बेटी कविता बसोंर (उम्र लगभग 14 वर्ष 8 माह) 20 जनवरी को अपने परिवार के साथ गोदावल मेला देखने गई थी। दोपहर लगभग 2 बजे वह अचानक कहीं चली गई और फिर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने मेले में काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद घर लौटकर आस-पास, रिश्तेदारों और परिचितों के यहां भी तलाश की गई, फिर भी कोई जानकारी नहीं मिल सकी। परिजनों को आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने बहला-फुसलाकर नाबालिग को अपने साथ भगा लिया है। लगातार तलाश के बाद 28 जनवरी को थाना ब्योहारी में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। परिजनों का कहना है कि काफी समय बीत जाने के बावजूद अभी तक पुलिस द्वारा बच्ची का पता नहीं लगाया जा सका है। बच्ची की मां सदमे में है और परिवार बेहद परेशान है। फरियादी रामजस बसोंर ने समाचार माध्यमों के जरिए पुलिस अधीक्षक शहडोल से मामले को गंभीरता से लेते हुए नाबालिग लड़की को जल्द से जल्द तलाश करने की मांग की है। अब देखना यह होगा कि पुलिस प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

# 50 से अधिक प्रकरण दर्ज, वसूला गया 30 लाख रूपए का जुर्माना

▸ अवैध खनन, परिवहन रोकने संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई




**नवभारत, कटनी।** जिले में खनिज राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली और अवैध उत्खनन, परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। अभियान के रूप में संचालित इन कार्रवाइयों के तहत पिछले दो महीनों में 50 से अधिक प्रकरण दर्ज कर लगभग 30 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया है। कलेक्टर की अध्यक्षता में पिछले दिनों आयोजित संयुक्त टास्क फोर्स की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जनवरी से अब तक अवैध खनन, भंडारण और परिवहन के मामलों में तत्काल कार्रवाई की गई है।

खनिज उपसंचालक रत्नेश दीक्षित ने बताया कि अवैध उत्खनन के 3 प्रकरणों में 2 लाख रुपए, अवैध भंडारण के 3 प्रकरणों में 8 लाख, अवैध परिवहन के 40 से अधिक प्रकरणों में लगभग 20 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। 50 से अधिक प्रकरणों में करीब 30 लाख रुपए की वसूली की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति को देखते हुए राजस्व वसूली की प्रक्रिया और तेज कर दी गई है। नियमों की अनदेखी करने वाली 4 खदानों के निरस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। भू-भाटक, बकाया राशि समय पर जमा नहीं करने वाले संचालकों को नोटिस जारी कर कड़े निर्देश दिए गए हैं।

खदानों की निगरानी के लिए भौतिक निरीक्षण के साथ-साथ सैटेलाइट इमेजरी जैसी आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। अवैध उत्खनन वाले क्षेत्रों की सटीक पहचान संभव हो रही है।